Title of the Project: मध्य प्रदेश राज्य की जैव विविधता एवं पारिस्थितिक तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न वनमण्डलों के प्रशिक्षकों की दो दिवसीय प्रशिक्षण–सह– कार्यशाला का आयोजन।

Why this Project:-

वन विभाग के अधिकतर क्षेत्रीय अमले एवं BMC/JFMC सदस्यों को औषधीय पौधें, खरपतवार एवं अकाष्ठीय लघुवनोपज की पहचान करवाने, जैवविविधता का आंकलन एवं आंकडों का संधारण तथा जैवविविधता आंकलन की समय अवधि की जानकारी देने के लिये एवं BMC/JFMC सदस्यों को जागरूक करने के लिये यह परियोजना तैयार की गयी है।

Methodology:-

मध्य प्रदेश की जैव विविधता एवं पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन एवं प्रबंधन हेतु मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, भोपाल द्वारा विभिन्न वनमण्डलों के चयनित प्रशिक्षकों (TOTs) को भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, कोलकाता के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा जिसमे प्रथम दिवस में तकनीकी एवं शैक्षणिक सत्र तथा द्वितीय दिवस में क्षेत्र का परिचयाात्मक दौरा एवं सम्पूर्ण व्यवस्था संस्थान के द्वारा किया गया।

Training Design:- इस दो दिवसीय दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न रूपरेखा में सम्पादित किया गया।

प्रशिक्षण दिवस	कार्यक्रम / विषय
प्रथम दिवस 05/03/2024 10.00 AM - 05.30 PM	• पंजीयन एवं पाठ्य सामग्री वितरण एवं तकनीकी सत्र • कार्यक्रम की रुपरेखा एवं परिचय। • योजना पर प्रशिक्षकों को जानकारी प्रदाय करना। • आमंत्रित विभाग के प्रतिनिधि का प्रस्तुतिकरण। • पॉवर पांइट के माध्यम से एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण
द्वितीय दिवस 06/03/2024 9.00 AM - 05.30 PM	• फील्ड में व्यवहारिक प्रशिक्षण • परिचर्चा एवं फीडबैक • प्रमाण पत्र वितरण एवं कार्यक्रम समापन

Objectives of Research:-

- मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा चयनित विभिन्न वनमण्डलों के प्रशिक्षकों के लिए मध्य प्रदेश राज्य की जैव विविधता एवं पारिस्थितिक तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन एवं प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न मापदण्डो के आधार पर जैव विविधता के आकंडे संकलित करने की जानकारी प्रदाय करना।

Activities Carried out:-

- इस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की गयी। दो दिवसीय प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 50 प्रतिभागियों हेतु प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभिन्न वन मण्डलों से मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा चयनित विभिन्न प्रशिक्षकों को इस प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला में आमंत्रित किया गया। प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक प्रशिक्षणार्थियों का चयन संबंधित वित्त पोषित संस्था के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। प्रशिक्षणार्थियों के रुकने एवं भोजन की व्यवस्था के साथ ही दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई जिसमे प्रथम दिवस में तकनीकी एवं शैक्षणिक सत्र तथा द्वितीय दिवस में क्षेत्र का परिचयाात्मक दौरा भ्रमण परियोजना अंतर्गत राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर के द्वारा किया गया।

Cost of the project: Rs. 6,53,170/-

Outcome of the Project:-

इस दो दिवसीय प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स (TOTs) जैवविविधता के आंकलन की विधि सीखकर अपने क्षेत्र में Biodiversity Management Committees (BMC's) के सदस्यों को जैव–विविधता के विभिन्न पहलुओं को समझेंगे एवं प्रदेश की जैव विविधता एवं पारिस्थितिक तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन एवं प्रबंधन के कार्य में दक्षता प्राप्त करेगें।

क्षेत्र भ्रमण एवं प्रमाण पत्र वितरण